Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 27 फरवरी, 2023

मार्कोनी प्राइज़

हाल ही में कंप्यूटर वैज्ञानिक **हरि बालकृष्णन को मार्कोनी प्राइज़ 2023 से सम्मानित किया गया।** डॉ. बालाकृष्णन को वायर्ड और वायरलेस **नेटवर्किंग, मोबाइल सेंसिंग एवं डिस्ट्रीब्यूटेड सिस्टम में बुनियादी** योगदान हेतु प्रदान किया गया है। मार्कोनी प्राइज़ **कंप्यूटर वैज्ञानिकों हेतु एक शीर्ष सम्मान** है और इसे अमेरिका स्थित **मार्कोनी फाउंडेशन** द्वारा प्रदान किया जाता है। यह उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने उन्नत **सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से डिजिटल समावेशिता** बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। पुरस्कार विजेताओं को एक **स्वतंत्र चयन समिति** द्वारा चुना जाता है तथा **मार्कोनी सोसाइटी बोर्ड** द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

//

कोबरा वारियर अभ्यास

ब्रिटेन में रॉयल एयर फोर्स के वैडिंगटन एयर फोर्स बेस में अभ्यास कोबरा वॉरियर में भाग लेने के लिये भारतीय वायु सेना आज जामनगर वायु सेना स्टेशन से प्रस्थान किया। यह अभ्यास 06 मार्च 2023 से लेकर 24 मार्च 2023 तक आयोजित किया जाएगा। **कोबरा वारियर अभ्यास एक बहुपक्षीय वायु सैन्य अभ्यास है,** जिसमें फिनलैंड, स्वीडन, दक्षिण अफ्रीका, अमरीका और सिंगापुर की वायु सेनाएँ भी रॉयल एयर फोर्स तथा भारतीय वायु सेना के साथ हिस्सा ले रही हैं। इस कोबरा वारियर अभ्यास का उद्देश्य **भिन्न-भिन्न लड़ाकू विमानों की विविध गतिविधियों में शामिल होना और अलग-अलग वायु सेनाओं की सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों से सीखना है। दोनों देशों के बीच आयोजित अन्य अभ्यासों** में अजय वारियर (सैन्य), कोंकण (नौसेना), इन्द्रधनुष (वायु सेना) और कोंकण शक्ति (पहली बार तीनों सेनाओं का संयुक्त अभ्यास) शामिल हैं।

और पढ़ें... [भारत-ब्रिटेन संबंध]

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHRC)

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ईरान के विदेश मंत्री के साथ **संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHRC) के नवीनतम और अब तक के सबसे लंबे सत्र में भाग लेंगे।** मानवाधिकार परिषद **संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर एक अंतर-सरकारी निकाय है** जो विश्व भर में **मानवाधिकारों की रक्षा, प्रचार एवं संरक्षण के लिये ज़िम्मेदार है।** परिषद का गठन **वर्ष 2006 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा किया गया था।** इसने मानवाधिकार पर पूर्व संयुक्त राष्ट्र आयोग का स्थान लिया था। **मानवाधिकार के लिये उच्चायुक्त का कार्यालय (OHCHR) जिसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है,** मानवाधिकार परिषद के सचिवालय के रूप में कार्य करता है। **यह 47 संयुक्त राष्ट्र सदस्य राज्यों से बना है जो UNGA द्वारा चुने गए हैं।** परिषद के सदस्य **तीन वर्ष की अवधि के लिये सेवा करते हैं** और लगातार **दो कार्यकालों की सेवा के बाद तत्काल पुन: चयन के लिये पात्र नहीं होते हैं।**

और पढ़ें... [संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHRC)], [संयुक्त राष्ट्र (UN)]

लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA) तेजस

पहली बार भारत का स्वदेशी रूप से निर्मित लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA) तेजस संयुक्त अरब अमीरात में एक अंतर्राष्ट्रीय बहुपक्षीय वायु अभ्यास - एक्सरसाइज़ डेज़र्ट फ्लैग- VIII में भाग लेगा, जो विश्व स्तर पर जेट को प्रदर्शित करने के भारत के बढ़ते प्रयासों को दर्शाता है। यह अभ्यास 27 फरवरी से 17 मार्च, 2023 तक निर्धारित है। **लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA) कार्यक्रम को भारत सरकार द्वारा वर्ष 1984 में शुरू** किया गया था, जिसके बाद **LCA कार्यक्रम के प्रबंधन हेतु** सरकार द्वारा **वैमानिकी विकास एजेंसी (Aeronautical Development Agency-ADA) की स्थापना की गई।** इसने पुराने मिग 21 लड़ाकू विमानों का स्थान लिया। भारतीय वायुसेना के अनुसार, डेज़र्ट फ्लैग एक बहुपक्षीय वायु अभ्यास है जिसमें **संयुक्त अरब अमीरात, फ्राँस, कुवैत, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, बहरीन, मोरक्को, स्पेन, कोरिया गणराज्य तथा अमेरिका की वायु सेनाएँ भाग लेंगी।** अभ्यास का **उद्देश्य विभिन्न युद्ध कार्यक्रमों में भाग लेना तथा विभिन्न वायु सेनाओं की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखना है। 'डेज़र्ट ईगल II' भारत और संयुक्त अरब अमीरात की वायु सेनाओं के मध्य एक संयुक्त वायु युद्ध अभ्यास है।**

और पढ़ें...[भारत-UAE संबंध](), [LCA तेजस]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-27-february-2023